# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

मई 2007 (अंक 168) | May 2007 (Issue 168)





डॉ. सादु इजराइल, आई. ए. ॲन्ड ए. एस, प्रमुख निदेशक, प्रशिक्षण केन्द्र आडिट एवं लेखा, नागपुर राष्ट्रीय बचत संस्थान नागपुर द्वारा 11-12 मई 2007 को क्षेत्रीय निदेशकों की कार्यशाला का उद्घाटन परंपरागत दीप प्रज्वलित करते हुये दिखाई दे रहे है। कार्यशाला का विषय ''उत्पाद अभियांत्रिकी एवं पुर्न अभियांत्रिकी'' था। श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान (बायें) एवं अन्य अधिकारी भी दिखाई दे रहे हैं।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान, नागपुर ने 11-12 मई 2007 के दौरान क्षेत्रीय निदेशकों के लिये कार्यशाला का आयोजन किया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान (मुख्यालय) नागपुर ने ''बचत उत्पाद अभियांत्रिकी एवं पुर्न अभियांत्रिकी'' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय बचत संस्थान से जुड़े निष्ठावान निवेशकों को इसके उत्पादो से जुड़े रखने के लिये अपनाई जाने वाली बाजारीय नीतियों के बारे मे चर्चा करना और वित्त मंत्रालय के बचत उत्पादो के अभियांत्रिकी एवं पुर्न. अभियांत्रिकी के माध्यम से ग्राहकों के आधार को और बढ़ाना था।

श्री सादु इजराईल, प्रमुख निदेशक, प्रशिक्षण केन्द्र आडिट एवं लेखा नागपुर ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होने अपने उद्घाटन संबोधन में कहॉ कि राष्ट्रीय बचत संस्थान अपने ग्राहको की संख्या बढ़ाने के लिये पूरे देश भर मे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो मे स्थित निजी बैंकों, राष्ट्रीय कृत बैंकों और सहकारी बैकों के उपलब्ध नेटवर्क का प्रयोग कर सकता है। श्री भट्टाचार्य निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अल्प बचत जमा बढ़ाने और वित्तीय उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाने हेतु आधुनिक तकनीक के प्रयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

क्षेत्रीय निदेशकों के विभिन्न समूह के समूह प्रमुखों ने विस्तृत व्याख्यान के उपरान्त कृषकों और नवयुवकों के लिये नये बचत उत्पाद बनाने हेतु अपने पेपर प्रस्तुत किये। संयुक्त निदेशकों और क्षेत्रीय केन्द्रों के क्षेत्रीय निदेशकों तथा केन्द्रीय कार्यालय के अधिकारियों ने वर्ष 2007-08 के दौरान राष्ट्रीय बचत संस्थान के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये अपनाई जाने वाली नीतियों पर अपना पेपर प्रस्तुत किया। श्री एस. के. त्रिपाठी, उप राष्ट्रीय बचत आयुक्त ने कार्यशाला का समन्वय किया।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur



श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान, (मध्य मे), मि. जोस अन्टोनियो, अध्यक्ष विश्व बचत बैंक संस्थान (दाये में), और मि. क्रिस डी. नूज, चेअरमेन, विश्व बचत बैंक संस्थान प्रबन्धन समिति के साथ मनिला मे आयोजित, विश्व बचत बैंक संस्थान के एशिया प्रशान्त क्षेत्रीय समूह के बैठक के दौरान दिखाई दे रहे है।

## निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने मनिला फिलीपिंस मे विश्व बचत बैंक संस्थान, एशिया प्रशान्त समूह के बैठक में भाग लिया

विश्व बचत बैंक संस्थान एशिया प्रशान्त समूह की **13** वीं बैठक और कान्टेक्ट परसन्स की **7** वी बैठक में भाग लेने के लिये भारत सरकार ने श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान और श्री. बी. प्रकाश, उप निदेशक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय को नामित किया। इस बैठक में विभिन्न देशों से आये **30** देशों जैसे भारत, श्रीलंका, जापान, इरान, कोरिया, मलेशिया, मंगोलिया, फिलीपिंस, वियतनाम, थाईलैंड एवं बेल्जीयम के प्रतिनिधियो ने भाग लिया। इस सम्मेलन का विषय ''आर्थिक विकास एवं माइग्रेशन'' था।

श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने उक्त विषय पर भारतीय परिवेश के संदर्भ मे पेपर प्रस्तुत किया। श्री भट्टाचार्य ने मनिला में विश्व बचत बैंक संस्थान के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स की बैठक में भी भाग लिया। इस बैठक की अध्यक्षता मिस्टर जोस अटिनियो, अध्यक्ष विश्व बचत बैंक संस्थान ने किया।




राष्ट्रीय बचत संस्थान, चैन्नई क्षेत्र द्वारा आयोजित महिला दिवस के अवसर पर श्रीमती एस. ठक्कर महिला बचत अभिकर्ता चैन्नई को वर्ष 2006-2007 के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर ट्रॉफी प्रदान करते हुए श्रीमती करूणा पिल्लई, आय.पी.एस., पोस्ट मास्तर जनरल चैन्नई। साथ ही (बायें से दायें) श्री पी. शनमुगम उपनिदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, चैन्नई, श्री टी. मूर्ति आय.पी.एस., आयुक्त अल्पबचत, तामिलनाडू सरकार, श्री टी. दासरी क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, चैन्नई क्षेत्र तथा श्री एस. जयपाल, संयुक्त निदेशक अल्पबचत चैन्नई।



राष्ट्रीय बचत संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित महिला दिवस के अवसर पर श्रीमती गिरिजा व्यास चेअरपरसन राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली उपस्थितों को सम्बोधित करते हुए। साथ में (बायें से दायें) श्री मीर अजमत अली संयुक्त निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान, नई दिल्ली, मिस रंजू प्रसाद, आय पी एस, निदेशक विदेश पोस्ट, तथा श्री पी.सी. इक्का क्षेत्रीय निदेशक, नई दिल्ली।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने संपूर्ण भारत में महिला बचत दिवस मनाया

राष्ट्रीय बचत संस्थान, राज्य सरकारों, डाक विभागों के सक्रिय सहयोग से क्षेत्रीय केन्द्रो के मुख्यालयो पर प्रतिवर्ष महिला बचत दिवस मनाता है। इस वर्ष भी संपूर्ण भारत में **16 अप्रैल 2007 (15** अप्रैल रविवार) को महिला बचत दिवस मनाया गया। महिला बचत दिवस मनाने का उद्देश्य महिला प्रधान क्षेत्रीय बचत योजना के अभिकर्ताओ को प्रोत्साहित कर देश के विकास लिये संसाधनो को एकत्र करना साथ ही अपनी आजीविका कमाना है क्यो कि दूर दराज तक फैले शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो से घरेलू बचत के एकत्रीकरण पर महिला प्रधान क्षेत्रीय बचत योजना के अभिकर्ताओं को कमीशन प्राप्त होता है।

इस अवसर पर विभिन्न अतिथियों द्वारा महिलाओं की बचत प्रक्रिया में भूमिका की सराहना की गई विशेष रूप से एम.पी.के.बी. वाई. अभिकर्ताओं की जो कि जनता में जागरूकता लाती है। इस आयोजन को दूरदर्शन, आकाशवाणी, प्रिंट मीडिया इत्यादि द्वारा विस्तृत रूप से प्रसारित किया गया। डी.ए.वी.पी. नई दिल्ली द्वारा देश भर के प्रमुख समाचार पत्रों में इस दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुये विज्ञापन जारी किये गये।




श्रीमती सरोज बाला, आई.आर.एस. महानिदेशक राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी नागपुर, राष्ट्रीय बचत संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र नागपुर द्वारा नागपुर मे आयोजित महिला बचत दिवस समारोह के अवसर पर उपस्थित जन को संबोधित करती हुई दिखाई दे रही है। साथ ही (बायें से दायें) श्री. एस. के. त्रिपाठी, उप राष्ट्रीय बचत आयुक्त, श्री. एस.एस. रे, आयुक्त आईटी.ए.टी. नागपुर, डॉ. (श्रीमती) मधुबाला शर्मा, उप निदेशक, मानव विज्ञान विभाग, नागपुर, श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान और श्री पद्म सिंह क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, नागपुर केन्द्र भी दिखाई दे रहे है।

## अप्रैल से फरवरी 2007 तक अल्प बचत संग्रहण

*(करोड रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2006 तक | | फरवरी 2007 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 9522.58 | 3818.68 | 8922.52 | 2169.70 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 71.68 | 32.48 | 71.23 | 23.19 |
| 3. | असम | 1865.82 | 157.99 | 1553.49 | -386.62 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 30.35 | 14.08 | 27.66 | 12.15 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 267.62 | -54.33 | 239.30 | -470.01 |
| 6. | बिहार | 5556.29 | 2069.75 | 4958.84 | 1551.34 |
| 7. | झारखंड | 2746.40 | 1362.53 | 2235.99 | 949.35 |
| 8. | चंडीगढ | 788.38 | 273.09 | 365.83 | -50.61 |
| 9. | दमण एवं दीव | 35.27 | 13.54 | 367.22 | 106.03 |
| 10. | दिल्ली | 6867.51 | 3086.85 | 5672.14 | 1478.34 |
| 11. | गोवा | 628.03 | 399.82 | 510.79 | 295.66 |
| 12. | गुजरात | 15049.47 | 5965.54 | 12653.23 | 2878.48 |
| 13. | हरियाणा | 4618.89 | 1193.65 | 4415.08 | 731.31 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 2213.15 | 660.03 | 2172.46 | 512.29 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 1466.04 | 514.86 | 1383.77 | 326.16 |
| 16. | कर्नाटक | 7462.61 | 3029.57 | 6236.86 | 956.10 |
| 17. | केरल | 5432.89 | 2124.83 | 4383.11 | 998.08 |
| 18. | लक्षद्वीप | 1.19 | 0.05 | 1.87 | 0.97 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 4978.93 | 1931.86 | 4075.88 | 1035.52 |
| 20. | छत्तीसगढ | 1530.90 | 653.94 | 1362.58 | 395.29 |
| 21. | महाराष्ट्र | 18368.42 | 8051.79 | 14681.75 | 3479.33 |
| 22. | मणिपुर | 79.43 | 20.92 | 81.28 | 7.36 |
| 23. | मेघालय | 149.41 | 31.65 | 148.75 | 7.05 |
| 24. | मिझोरम | 87.31 | 17.18 | 77.87 | -1.71 |
| 25. | नागालैंड | 45.15 | 19.21 | 37.26 | 6.88 |
| 26. | उडीसा | 2745.86 | 1090.40 | 2501.38 | 703.12 |
| 27. | पांडीचेरी | 199.42 | 116.73 | 142.19 | 33.96 |
| 28. | पंजाब | 8127.72 | 2159.04 | 8146.49 | 1344.92 |
| 29. | राजस्थान | 7179.53 | 2004.67 | 6480.11 | 546.18 |
| 30. | सिक्कीम | 64.41 | 16.22 | 41.23 | 0.02 |
| 31. | तमिलनाडू | 10553.21 | 4445.99 | 9161.02 | 2449.47 |
| 32. | त्रिपूरा | 429.26 | 169.02 | 389.76 | 112.05 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 15811.24 | 5625.64 | 14451.04 | 3817.94 |
| 34. | उत्तरांचल | 2098.44 | 640.78 | 1982.74 | 505.99 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 19877.36 | 8915.42 | 17645.37 | 5792.97 |
| | कुल | 156950.16 | 60573.45 | 137578.11 | 32318.26 |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त प्रारंभिक आंकडे सामन्जस्य अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR